राज्य में सबसे अधिक कैंपस-कॉलेजों वाला विवि बनेगा यूटीयू

देहरादून, 30 जनवरी (ब्यूरो): वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल (यूटीयू) राज्य में सबसे अधिक कैंपस-कॉलेजों वाला विश्वविद्यालय बनेगा। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने मंगलवार को नरेन्द्रनगर में प्रस्तावित कैंपस का निरीक्षण किया।

नरेन्द्रनगर पॉलीटैक्निक परिसर में राज्य सरकार द्वारा गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी को नया कैम्पस कॉलेज संचालित किया जाना प्रस्तावित है। इसकी स्थापना के साथ यह विश्वविद्यालय का सातवां कैम्पस होगा और यूटीयू प्रदेश में सबसे अधिक कैम्पस संस्थानों वाला विश्वविद्यालय बनेगा।

CMYK